# 8 दिसम्बर 2018 को डेली कॉलेज, इंदौर के 148वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में माननीय लोक सभा अध्यक्ष का भाषण

———————

1. मैं Daly College, Indore के Board of Governors के प्रेसिडेंट, सभी सदस्यों एवं प्रिंसिपल को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने स्कूल के 148वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुझे यहां बच्चों के साथ संवाद करने का अवसर प्रदान किया। 148 वर्ष स्वयं ही में एक इतिहास है जो अपने–आप अपनी गाथा कहता है। इस लंबी समयावधि में बदलते सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवेश में अपने ध्येय पर लगन परिश्रम और उत्साह से आगे बढ़ते रहने के कारण ही आज डेली कॉलेज, इंदौर ही नहीं बल्कि देश की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा संस्थाओं में गिना जाता है और अपना एक अलग नाम और पहचान रखता है। इस स्कूल के विद्यार्थियों ने देश–विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है और वे प्राप्त शिक्षा का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को भी बधाई देती हूं जो भविष्य में हमारे राष्ट्र के खेवनहार होंगे।

2. शिक्षा एक बहुमूल्य उपहार है और स्कूल में हमें शिक्षा के जो अवसर प्राप्त होते हैं, वही हमारी जिन्दगी का आधार होते हैं। हमारे बच्चों के जीवन में स्कूली शिक्षा का समय बहुत खास होता है क्योंकि इस समय जिन संस्कारों के बीज बोये जाते हैं, वह समय आने पर अंकुरित होते हैं और एक बच्चा परिपक्व वयस्क बनता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि विद्यालय स्तर पर ही उन्हें सही संस्कार दिए जाएं। इन संस्कारों में सद्विचार, बड़ों का आदर, अपनी संस्कृति का सम्मान, समय की पाबंदी, किताबें पढ़ना, पर्यावरण की देखभाल, स्वास्थ्य और सफाई के प्रति जागरूकता, समानता, भाईचारा, मानवाधिकार, सामाजिक संवेदनशीलता और मानवता के गुण इत्यादि शामिल हैं। आप में से जिन लोगों ने इस स्कूल से शिक्षा प्राप्त की है, उनके मन में आज भी बड़े होने

के बाद भी उन वर्षों की यादों की अमिट छाप होगी जिनसे उस मुकाम की नींव पड़ी, जिस पर आज आप हैं।

3. Education is the most powerful tool to transform the life of an individual and change the world. Students of Daly College are very fortunate because they study in one of the best schools with best facilities. The question is what after this? Learning is an ongoing activity. Learning never stops in life. Learning how to learn is one of the most important skills in life. You must understand that all power is within you. You have to realize your potential. You can do anything and everything.

4. The students, teachers and institutions must ask themselves how best they can give back to the Society and nation-building apart from achieving individual goals.

**''आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानवः ।**

**परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ।।''**

(In this world Each and Every one is doing and living for himself, but one Who lives/does good for others is living true life in true sense.)

Public schools should whole heartedly support the Government's efforts by providing education to underprivileged, vulnerable and marginalized people as they also have a role to play in successful implementation of the Right of Children to Free and Compulsory Education.

5. मैं समझती हूं कि बच्चों को शिक्षित करने और ज्ञान का प्रचार–प्रसार करने से बढ़कर और कोई महान कार्य नहीं हो सकता। उचित ही कहा गया है कि

''न च विद्या समो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्।।''

**{There is no friend, no companion, no wealth or no bliss as great as Vidya (knowledge)}.**

6. मैं स्कूल के सभी अध्यापकों, प्रशासकों और संस्थापकों को हार्दिक धन्यवाद देती हूं जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत में शिक्षा के प्रचार–प्रसार में अपना योगदान कर रहे हैं। शास्त्रों में गुरू की महिमा का बखान करते हुए ठीक ही कहा गया हैः–

''गुरुर्ब्रहमा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरु साक्षात् परब्रहम् तस्मै श्रीगुरुवे नमः।।''

(Salutation to the Noble Guru, who is Brahma, Vishnu and Maheswara, the direct Parabrahma, the Supreme Reality.)

उन्हें विद्यार्थियों को सोचने, प्रश्न पूछने और सृजनात्मक वातावरण में innovation की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। One great scientist has said that "I have no special skills. I am only passionately curious." Education is the passport to the future.

7. Technology is controlling every aspect of our life. But we must remember that technology is a useful servant but a dangerous master. Knowledge, which is the ultimate power, is emerging as the currency of the world in the present century. Your knowledge and enthusiasm will lead you to creative ideas and innovations, which will impact and decide your own future as well as future of your country and humanity. Original and innovative thinking inspires ideas and ideas create opportunities and when opportunity meets talent, it creates magic. So, my advice to you is,

think positive, think innovative, convert your thoughts into action and reap the benefits for self and society.

8. चूंकि शिक्षा ही व्यक्ति और राष्ट्र के रूप में हमारी सफलता का आधार है इसलिए content, quality and relevance of the education is very important. मैं समझती हूं कि शिक्षा का अर्थ केवल तथ्यों और आंकड़ों की जानकारी प्राप्त करना या परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होना ही नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने हेतु उनका बौद्धिक, नैतिक और शारीरिक विकास भी आवश्यक है और इस संबंध में शिक्षा संस्थान और अध्यापक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। **Swami Vivekananda once said** and I quote " Education is a process by which character is formed, strength of mind is increased, and intellect is sharpened, as a result of which one can stand on one's own feet. "

9. My final advice to young children is that good education, machine and technology will get you a good package, job or business but human beings also need love, care, compassion and empathy. So, be in touch with technology but never forget the human touch.

10. अंत में मैं कहना चाहूंगी जैसाकि किसी विद्वान ने कहा हैः– **"The best way to predict future is to create it." My best wishes to all the children for a very bright future and happy life.**

______